दिन–गुरुवार   दिनांक– 02/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।   अवधि – 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐसे प्रशासनिक मॉडल की आवश्यकता पर बल दिया है, जो न केवल कुशल हो बल्कि नागरिक–केंद्रित भी हो। उन्होंने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित करते हुए एक वीडियो संदेश में यह बात कही। वर्तमान शासन को नागरिक देवो भव के मंत्र से निर्देशित बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका उद्देश्य सार्वजनिक सेवा को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक–केंद्रित बनाना है। इधर, बिहार में भी आज से साधना सप्ताह की शुरूआत हुई है। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर बी. राजेन्दर ने सभी राज्यकर्मियों से सप्ताह में कम से कम चार घंटे कर्मयोगी पोर्टल पर नई तकनीकों को सीखने की अपील की है।

————————————————————————————

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि बिजली उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर अनिवार्य नहीं हैं। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता प्रीपेड स्मार्ट मीटर का विकल्प चुनते हैं, तो इससे न केवल उपभोक्ताओं को बल्कि राज्यों और बिजली कंपनियों को भी लाभ होगा।

————————————————————————————

प्रदेश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा ऑडिट कराई जाएगी। राज्य सरकार ने नालंदा भगदड़ मामले के बाद यह फैसला किया है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने इस संबंध में सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक, वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिये हैं। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक में पुलिस महानिदेशक ने सभी अधिकारियों को अपने–अपने जिलों में अत्यधिक भीड़ वाले धार्मिक स्थलों को चिन्हित करने और वहां सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं।

————————————————————————————

राज्य सरकार ने गिरते भू–जल स्तर और लू की आशंका को लेकर संबंधित विभागों को युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया है। आपदा प्रबंधन विभाग के संयुक्त सचिव मोहम्मद नद्दीमुल गफ्फार सिद्दिकी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में

इस संबंध में प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। संयुक्त सचिव ने जल संरक्षण के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने और जागरूकता अभियान चलाने को कहा। साथ ही उन्होंने लू से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये।

———————————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पछुआ हवा का प्रभाव बना रहा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होगी। वहीं, न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सैंतीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस के अधिकतम तापमान के साथ भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा है।

———————————————————————

मोतिहारी के शौर्य स्तंभ पार्क में पंद्रह अप्रैल से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने स्थल निरीक्षण कर तैयारियों की भी समीक्षा की। श्री सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शनी अठारह अप्रैल तक चलेगी।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के भितहा प्रखंड अंतर्गत डीही पकड़ी गांव में कल देर रात भीषण आग लग गई। आग लगने के कारण लगभग आधा दर्जन घर पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गये।

———————————————————————

अररिया जिले के बथनाहा भद्रेश्वर टॉल प्लाजा के पास एसएसबी और पुलिस की टीम ने एक वाहन से तीस हजार बोतल प्रतिबंधित कोडिनयुक्त सीरप और नशीली दवाओं के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित एक निजी अस्पताल को प्रशासन ने सील कर दिया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।